पत्रिका

# नि :शुल्क जांच परामर्श शिविर आयोजित



**जोधपुर @ पत्रिका.** कमला नगर हॉस्पिटल की ओर से होटल श्रीराम एक्सीलेंसी में निःसंतान दंपतियों के लिए निःशुल्क जांच परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। हॉस्पिटल की आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ. सुगंधा गोयल ने दंपतियों को चिकित्सा परामर्श देकर निःसंतानता से जुड़ी बीमारियों के आधुनिक उपचारों के बारे में सुझाव दिए। उन्होंने काउंसलिंग करके समझाया कि ऐसे दंपती सही प्रक्रिया अपनाकर मातृत्व-पितृत्व सुख प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में उन दंपतियों से भी रू-ब-रू करवाया जो निःसंतान थे और आज उनके आंगन में किलकारी गूंज रही है। डॉ सुगंधा गोयल ने कहा कि कमला नगर हॉस्पिटल में निःसंतान दंपतियों के लिए आधुनिक आईवीएफ सेंटर है। यहां समुचित उपचार लेकर संतान सुख प्राप्त कर सकते हैं।

17/09/2024 | Jodhpur City | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/